खबर संक्षेप



विद्यार्थियों का किया गया नेत्र परीक्षण

स्लीमनाबाद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धूरी में स्वास्थ परीक्षण में नेत्र जाँच का आयोजन किया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धूरी में सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट से डाक्टरों दल आकर विद्यालय के सभी छत्र छात्राओं का नेत्र जाँच किया गया। सेवा संकल्प अभियान के प्रभारी शिक्षक सुमेर सिंह लोधी ने छात्र -छात्रों को बताया कि इस नेत्र जाँच शिविर में विद्यालय के सभी छात्र -छात्राओं की नेत्र की जांच की गई और और विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी नेत्र जाँच कराया! जिन छात्र - छात्रों की नेत्र में समस्या थी उनका तुरंत उपचार कर चश्मा दिया गया और जिन छात्र- छात्रों को नेत्र में मोतियाबिंद था उन्हें फ्री इलाज के चित्रकूट अस्पताल बुलाया गया। इस दौरान प्राचार्य गरिमा चंद्रवंशी नें नेत्र जाँच से संबंधित जानकारी दी! इस दौरान शिक्षक सुजीत सिंह, दीपक हनुमत, अनामिका पांडे, एकता विश्वकर्मा, पूजा मरावी, अजय कुमार चौबे, राकेश राजपाल,मनोज चक्रबर्ती, दिनेश तिवारी, सचिन हल्दाकर सहित शिक्षकों की उपस्थिति रही।

टीबी मुक्त भारत टीम का शुभारंभ आज

कटनी। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मुक्त भारत टीम का शुभारंभ एवं वर्ष 2025 में घोषित टीबी मुक्त पंचायतों को सम्मानित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गुरूवार, 8 अक्टूबर को जिला पंचायत कटनी के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गठित जिलास्तरीय टीबी मुक्त भारत समिति के सदस्यों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में JOSH टीम के शुभारंभ के साथ वर्ष 2025 में टीबी मुक्त घोषित पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा।

कलेक्ट्रेट एवं जिपं परिसर में जुलूस, नारेबाजी पर प्रतिबंध

कटनी। कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत परिसर में जुलूस, आम सभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने एवं परिशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थल, जुलूस, नारेबाजी आदि पर रोक लगाने हेतु इसे प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। इसी प्रकार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिन पूर्व उप खण्ड मजिस्ट्रेट, कटनी से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेगा एवं ज्ञापन सौंपे जाने हेतु कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार (मेन गेट नं. 1 एवं 2) पर 50 व्यक्ति या संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

फुटपाथ पर अस्थायी अतिक्रमण एवं ई रिक्शा की धमाचौकड़ी से यातायात व्यवस्था चौपट

नगर के व्यस्ततम चौराहों में रोजाना जाम की समस्या से हो रही फजीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





शहर में दिनों दिन बढ़ती वाहनों की संख्या के चलते यातायात पर दबाव भी बढ़ता जा रहा है। मुख्य मार्गों से लेकर व्यस्ततम तिराहे, चौराहों पर अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है। वाहनों की पार्किंग मनमाने तरीके से की जा रही है। मिशन चौक से लेकर चांडक चौक में हालत ज्यादा खराब है। यहां अधिकांश दुकानो के सामने एवं ओवरब्रिज के नीचे वाहनों की कतार देखी जा सकती है। दूसरी ओर शहर में ई रिक्शा की बेतहाशा वृद्ध एवं मनमाना संचालन भी यातायात व्यवस्था की बैंड बजा रहा है। सुव्यवस्थित यातायात के लिये कागजी योजनाओं तो बनाई जा रही है लेकिन धरातल पर उनका अमल नहीं हो पा रहा है। रोजाना जाम की समस्या से वाहन चालकों एवं राहगीरों की फजीहत हो रही है।

कागजों में सिमटा रूट संचालन

शहर में यातायात को सुगम बनाने एवं जाम की समस्या को कम करने के लिये ई रिक्शा के लिये रूट निर्धारित किया गया था हालांकि करीब डेढ़ साल का समय बीत जाने के बाद भी योजना अमल में नहीं आ सकी। आलम यह है कि शहर में बेतरतीब ई रिक्शा दौड़ रहे हैं। ई रिक्शा संचालन के लिये इस तरह रूट बनाये गये थे।

रूट क्रमांक-1 पर हरे रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। स्टेशन से सराय मोहल्ला के रास्ते ई रिक्शा ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, सिविल लाइन, मुड़वारा स्टेशन, मिशन चौक से माधवनगर गेट होते हुए पीरबाबा तक जाएंगे।

इसी प्रकार रूट क्रमांक-2 पर लाल रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, कचहरी चौक, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, आजाद चौक, कैलवारा मोड़ से होते हुए इंदिरा ज्योति कालोनी तक जाएंगे।

इसी तरह रूट क्रमांक-3 पर आसमानी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से बरही रोड, गर्ग चौराहा, आदर्श कालोनी, चड्ढा कॉलेज से होते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-4 पर नारंगी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से गायत्री नगर, बाबा घाट, कटनी साउथ, डीजल लोको शेड से होते हुए एनकेजे बजरिया तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-5 पर सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये प्लेटफार्म क्रमांक 5 से जुहला-जुहली की ओर चलेंगे।

रूट क्रमांक-6 पर पीले रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये कटनी साउथ से मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, आयुध निर्माणी, एसीसी होते हुए माधवनगर तक जाएंगे।



छात्र छात्राओं को खिलाई गईं एल्बेंडाजोल की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की गोलियां विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को खिलवाई गईं।शासन द्वारा चलवाये जा रहेशिशु स्वास्थ्य पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया गया।

जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत 19 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल (चबाने वाली मीठी गोली) 400 ग्राम की गोलियों को उम्र के अनुसार सेवन कराया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य प्रेम प्रकाश, उप प्राचार्य आदित्य प्रताप,स्टाफ नर्स जयंती राय एवम विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। बच्चों को खिलाई गई कृमि नाशक एल्बेंडाजोल गोली पेट मे होने वाले संक्रमण को रोकती है।

जानकारी देते हुए बताया गया कि शौचालय से आने के बाद ओर खाना खाने से पहले साबुन-पानी से हाथ धोना चाहिए। फल व सब्जियों को साफ पानी से धोकर खाना चाहिए। एल्बेंडाजोल की गोली से कृमि का नाश होता है। बच्चो के स्वास्थ्य व उनकी कार्य क्षमता में सुधार होता है। बच्चों में कृमि का संक्रमण व्यक्तिगत अस्वच्छता ओर संक्रमित मिट्टी के संपर्क से होता है। कृमि संक्रमण से बच्चों में शारीरिक एवं बौध्दिक विकास मैं बाधित होता है। जीवन मे स्वच्छता का बहुत महत्व है। कृमि के कारण पेट मे दर्द, दस्त, उल्टी, कमजोरी, भूख नही लगने जैसे लक्षण बच्चों में हो सकते है। इनसे बचाव के लिए हमेशा साफ पानी पीना चाहिए। नाखून साफ रखना चाहिए।

संयुक्त टीम ने निरीक्षण कर मिट्टी और भूजल के लिए नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कैमोर स्थित एवरेस्ट कंपनी के "एस्बेस्टस वेस्ट" के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी ने संज्ञान लेते हुए इसकी जांच के लिए संयुक्त टीम गठित की है। टीम में राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (कटनी) तथा नगर परिषद कैमोर के अधिकारी शामिल हैं। संयुक्त टीम ने बुधवार को भटिया मुहल्ला वार्ड क्रमांक-2 (डॉ जाकिर हुसैन वार्ड) स्थित क्षेत्र का बुधवार को स्थल निरीक्षण कर मिट्टी व भू-जल के नमूने एकत्र किया।

यहां से लिये गये नमूने

जनस्वास्थ्य एवं पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र से मृदा (मिट्टी) एवं ग्राउंड वाटर (भूजल) के नमूने एकत्र किए गए। मिट्टी परीक्षण के लिए फुटबॉल ग्राउंड, एवरेस्ट कंपनी के पश्चिम एवं दक्षिण दिशा में लतीफ खान के घर के पास, गुरुदीप सिंह बेदी के घर के पास तथा शासकीय अस्पताल के पीछे से नमूने लिए गए।

इसी प्रकार भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिए रमेश निषाद के मकान के पास तथा सरवर खान के मकान के पास स्थित हैंडपंपों से जल के नमूने लिए गए। एकत्र किए गए सभी मिट्टी एवं जल नमूनों को विस्तृत वैज्ञानिक एवं प्रयोगशाला जांच के लिए केंद्रीय प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा ।प्रयोगशाला जांच की रिपोर्ट के आधार पर वस्तुस्थिति का परीक्षण किया जाएगा। जांच उपरांत पंचनामा तैयार करने की प्रक्रिया मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी, वैज्ञानिक राजेन्द्र शुक्ला, नायब तहसीलदार कैमोर राजेन्द्र श्रीवास्तव तथा नगर परिषद कैमोर के सेनेटरी इंस्पेक्टर पी.आर. सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुई।

इस दौरान स्थानीय नागरिक अवध किशोर विश्वकर्मा, लतीफ खान, साहिल खान, महबूब सहित अन्य नागरिक भी उपस्थित रहे। संयुक्त टीम द्वारा पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े विषय में तथ्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न का किया गया वितरण



मानव जीवन विकास समिति द्वारा जीवदया फाउंडेशन के सहयोग से भारत राहत कार्यक्रम के तहत ढीमरखेड़ा विकासखंड में जरूरतमंद परिवारों को नि :शुल्क खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया गया। सलैया, बिचुआ, कोकोडबरा और भलवारा गांव में प्री-स्कूल पोषण एवं शिक्षा कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के परिवारों सहित गरीब एवं जरूरतमंद 130 परिवारों को राहत किट प्रदान की गई। प्रत्येक परिवार को 30 किलोग्राम राशन, जिसमें 26 किलोग्राम चावल और 4 किलोग्राम दाल शामिल है, उपलब्ध कराया गया। मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद् निर्भय सिंह ने कहा कि आवश्यकता वाले परिवारों को 30 किलोग्राम सूखा राशन उपलब्ध कराकर सहायता करने में खुशी हो रही है।

ट्रेन में चोरी के मामले में 9 बदमाशों को संयुक्त पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ट्रेन में चोरी के मामले में पुलिस ने 9 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि कटनी रेलवे स्टेशन के आउटर पर 28 सितंबर की आधी रात प्रयागराज से तमिलनाडु की ओर जा रही ट्रेन में हुई चोरी की वारदात हुई थी। घटना की जानकारी सामने आने के बाद रेलवे और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। कटनी पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने 28 सितंबर की इस वारदात सहित रेलवे क्षेत्र में हुई अन्य चोरी और लूट की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। हालांकि, इस सफलता के बावजूद घटना ने रेलवे और स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली, नियमित गश्त और सुरक्षा दावों की पोल खोलकर रख दी है। कटनी आउटर पर दी थी वारदात को अंजामघटना 28 सितंबर 2026 की है, जब काशी तमिल संगम एक्सप्रेस कटनी रेलवे स्टेशन के समीप आउटर पर पहुंची। वहां घात लगाए अज्ञात बदमाशों ने ट्रेन में सवार होकर यात्रियों को चाकू की नोक पर आतंकित किया और सोने की चेन, अंगूठी, नकदी व मोबाइल फोन समेत करीब 86,000 की संपत्ति लूटकर फरार हो गए। मामले में जीआरपी थाना कटनी में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं ASC अशोक कुमार के मार्गदर्शन में 50 अधिकारियों-कर्मचारियों की 4 विशेष टीमें गठित की गईं।

टीमों ने खिरहनी फाटक और आधार कार्ड भट्ठा जैसे संवेदनशील इलाकों में दबिश देकर 9 संदिग्धों को पकड़ा जिनमें समीर रूपेंद्र 21 वर्ष, अनुराग निषाद 21 वर्ष, जय निषाद 24 वर्ष, अतुल निषाद 25 वर्ष, शिवा निषाद 20 वर्ष, दीपक निषाद 22 वर्ष, करण निषाद 24 वर्ष, अरुण निषाद 20 वर्ष एवं विकास निषाद 25 वर्ष शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने तमिल संगम एक्सप्रेस के अलावा 21 जुलाई (ट्रेन 18448) और 28 जुलाई (स्पेशल ट्रेन 03252) में हुई वारदातों को भी अंजाम देना कबूला है।

वाहन की टक्कर लगने के बाद से शुरू हुआ था विवाद

घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने 7 आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के निवार तिराहा पर वाहन टकराने के विवाद के बाद फरियादी और उसकी मां के साथ मारपीट करने तथा पीछा कर घर में घुसकर हमला करने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार, 29 सितंबर को ग्राम मटवारा निवासी अरविन्द कुमार बसोर अपने वाहन से रद्दी लेकर निवार पहाड़ी स्थित अपनी मौसी के घर गया था। शाम करीब 7 बजे वापस लौटते समय निवार तिराहा के पास उसकी गाड़ी एक स्कूटी से टकरा गई। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे रोककर हाथ-मुक्कों और लाठियों से मारपीट की। एक व्यक्ति द्वारा नुकीली वस्तु दिखाकर डराने के बाद अरविन्द वहां से वाहन लेकर निकल गया।

आरोपियों ने उसका पीछा किया और रास्ते में गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घबराहट में तेज गति से वाहन चलाते समय उसकी गाड़ी सड़क पर खड़ी गाय से टकरा गई। इसके बाद वह अपने घर मटवारा पहुंचा, लेकिन आरोपी पीछा करते हुए वहां भी पहुंच गए और घर में घुसकर उसके साथ दोबारा मारपीट की।

बीच-बचाव करने पहुंची अरविन्द की मां शांति बाई बसोर के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घटना में दोनों को चोटें आईं। फरियादी की शिकायत पर स्लीमनाबाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 1056/2026 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान प्रकरण में अन्य धाराओं के साथ एससी/ एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं। एसडीओपी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 7 अक्टूबर को सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनमें वीरेन्द्र उर्फ मोटू पटेल, सचिन बर्मन, सत्तू उर्फ लव पटेल, राजेश कुमार पटेल, चंदन कुमार पटेल, राहुल उर्फ अर्जुन पटेल और शनि उर्फ शंकी जैन शामिल हैं। सभी को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेआर पर भेजा गया।

5 एवं 15 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत एमबीयू कराने के निर्देश

विशेष आधार शिविरों में होगा विद्यार्थियों का अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत 5 एवं 15 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट (एमबीयू) प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर शत-प्रतिशत एमबीयू पूर्ण कराने के लिए विशेष आधार शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविर आयोजित कर एमबीयू कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। संबंधित आधार केंद्र संचालक शिविर स्थल पर प्रातः 10 बजे से शासकीय आधार मशीन एवं आवश्यक उपकरणों के साथ उपस्थित रहकर आधार अपडेट का कार्य करेंगे। प्रत्येक शिविर में न्यूनतम 30 से 50 विद्यार्थियों का एमबीयू कराया जाना अनिवार्य होगा।

इन स्थानों पर लगेंगे आधार शिविर

बड़वारा विकासखंड के अंतर्गत 10 से 17 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल बरही, 19 से 29 अक्टूबर तक किड्सवे एकेडमी, 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक ग्राम पंचायत पिपरियाकलां स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरियाकलां, 10 से 17 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा, 19 से 29 अक्टूबर तक सांदीपनि विद्यालय करेला, 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक शारदा स्कूल बड़वारा, 10 से 17 अक्टूबर तक सरस्वती स्कूल बरही, 19 से 29 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल बरही तथा 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक सांदीपनि विद्यालय करेला में शिविर आयोजित होंगे।

इसी प्रकार बहोरीबंद विकासखंड के अंतर्गत 10 से 17 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी उत्कृष्ट महावीर विद्यालय बहोरीबंद, 19 से 29 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल बाकल, 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक जेपीजी कॉन्वेंट स्कूल बहोरीबंद, 10 से 17 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल कुनवा, 19 से 29 अक्टूबर तक बीएस तेवरी तथा 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक सांदीपनि विद्यालय बहोरीबंद में आधार शिविर लगाए जाएंगे।

ढीमरखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत 10 से 17 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल पहरूआ, 19 से 29 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी पद्मा पब्लिक स्कूल, 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल झिन्ना पिपरिया, 10 से 17 अक्टूबर तक सरस्वती स्कूल उमरियापान, 19 से 29 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी उत्कृष्ट स्कूल उमरियापान तथा 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक पीएमश्री हासे स्कूल गोपालपुर में शिविर आयोजित होंगे।

कटनी विकासखंड के अंतर्गत 10 से 17 अक्टूबर तक सेंट पॉल स्कूल झिंझरी, 19 से 29 अक्टूबर तक नोबल हार्ट स्कूल कटनी, 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक एडेड हायर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल बार्डस्ले, 10 से 17 अक्टूबर तक सेंट पॉल स्कूल कटनी, 19 से 29 अक्टूबर तक किड्स केयर स्कूल, 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक हायर सेकेण्डरी स्कूल कन्हवारा, 10 से 17 अक्टूबर तक हाईस्कूल पहाड़ी निवार, 19 से 29 अक्टूबर तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर तथा 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक सांदीपनि स्कूल कटनी में शिविर लगाए जाएंगे।

रीठी विकासखंड के अंतर्गत 10 से 17 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल बिलहरी, 19 से 29 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी उत्कृष्ट स्कूल रीठी तथा 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल गुरजीकलां में एमबीयू प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

विजयराघवगढ़ विकासखंड के अंतर्गत 10 से 17 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल कारीतलाई, 19 से 29 अक्टूबर तक हायर सेकेंडरी स्कूल सिनगौड़ी, 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक श्री द्वारिका प्रसाद इंग्लिश मीडियम स्कूल विजयराघवगढ़, 19 से 29 अक्टूबर तक डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल कुटेश्वर तथा 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक डीएवी पब्लिक एसीसी स्कूल कैमोर में आधार शिविर लगेंगे।

घुघरा में कल लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में 7 अगस्त से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आयोजित शिविरों के माध्यम से प्रशासन द्वारा शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिये अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार को मैदानी भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं।

इसी क्रम में अभियान के तहत शुक्रवार, 9 अक्टूबर को बहोरीबंद विधानसभा के अंतर्गत घुघरा क्लस्टर की 11 पंचायतों घुघरा, बडागांव, करहैयाकला, कैमोरी, खमरिया न 01, खरखरीए न 02, दुढरी, रैपुरा, पिपपरियापरोहा, बडखेड़ा, घुड़हर के लिए ग्राम पंचायत भवन घुघरा में शिविर आयोजित होगा। जहां नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे।

कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित लंबित प्रकरणों शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अधिकतम मामलों का निराकरण पूर्व में ही सुनिश्चित किया जाए तथा शेष प्रकरणों का समाधान शिविर स्थल पर किया जाए। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं होगा, उनमें समय-सीमा निर्धारित कर आवेदकों को अवगत कराया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

खबर संक्षेप

कातिलाना हमले के आरोपित को गिरफ्तार भेजा जेल

कटनी। जानलेवा हमले के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी शनि जैन को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। बुधवार को आरोपी को सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा के आदेश पर उसे उपजेल भेज दिया गया।
अभियोजन एवं पुलिस विवरण के अनुसार, 13 मई 2026 की रात गर्ग चौराहा स्थित एक बार के पास मनीष सिंह ठाकुर उर्फ चीनी (28) पर जानलेवा हमला हुआ था। विवाद के दौरान आरोपियों ने मनीष पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आहत की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109(1) एवं 296(बी) के तहत अपराध क्रमांक 471/2026 दर्ज किया था।
विवेचना के दौरान मामले के एक अन्य आरोपी गोलू ठाकुर उर्फ दीपक ठाकुर को पुलिस ने 7 अगस्त 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पुलिस पूछताछ में गोलू ठाकुर ने अपने साथी शनि जैन (32), निवासी कपड़ा बाजार के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया था, जिसके बाद शनि जैन को नामजद किया गया।घटना के बाद से फरार शनि जैन के दिल्ली से वापस लौटने की पुख्ता सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस बल ने कपड़ा बाजार में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया।

कारोबारी पर हमला करने वाले दो और गिरफ्तार

कटनी। कारोबारी मुकेश गुप्ता एवं उनके भाई राहुल गुप्ता पर लगभग तीन माह पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में माधवनगर पुलिस ने घटना के बाद से फरार चल रहे दो नामजद आरोपियों, मनीष उर्फ मनु परोहा और अंकुर शुक्ला को बीती रात उनके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना के बाद से ही दोनों आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। बीती रात मुखबिर से सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने अचानक आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी, जहाँ दोनों अपने घर में ही पकड़े गए। पुलिस के अनुसार, प्रकरण में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। गौरतलब है कि तीन महीने पहले गुप्ता बंधुओं की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे 35 से 40 लोगों के हुजूम ने निहत्थे व्यापारियों पर हमला कर दिया था। मामले में पीड़ित पक्ष के खिलाफ भी क्रास एफआईआर दर्ज की गई थी।

नशा मुक्त भारत के संदेश के साथ निकाली जागरूकता रैली



उमरियापान। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत थीम पर जन जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आकृति के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी के नेतृत्व में आयोजित रैली में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, ₹नशे की लत एक बीमारी है, इससे दूर रहना समझदारी है, जो नशे को हराएगा, वही सच्चा वीर कहलाएगा₹ सहित विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया और नशे की आदत छोड़कर स्वस्थ एवं बेहतर जीवन जीने का आग्रह किया।अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने नशे से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

अस्पताल में मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें, मरीजों के साथ बनाये समन्वय व्यवहार

राज्य स्तरीय इंक्वास दल ने बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की टटोली नब्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद का निरीक्षण करने बुधवार को राजधानी भोपाल से राज्य स्तरीय इंक्वास दल की टीम पहुंची। दो सदस्यीय दल के द्वारा बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया ।संस्था का असेस्मेंट 8 बिंदुओं पर मूल्यांकन किया गया!जिसमें हॉस्पिटल अपकीप भवन का रखरखाव, वेस्ट मैनेजमेंट, इंफेक्सन कंट्रोल, हॉस्पिटल सपोर्ट सर्विस, हाई जिन प्रोमोसन आदि शामिल है!इसके अलावा टीम द्वारा साफ सफाई की स्थिति देखी साथ ही दस्तावेज भी चेक किए ।टीम प्रमुख क्वालिटी मैनेजर डॉ शुभ्रा, डॉ रितेश अग्रवाल नें मरीजों के साथ डॉक्टरों का व्यवहार और मिली सुविधाओं की जानकारी ली ।

निरीक्षण से पहले ही तैयारियां

निरीक्षण को लेकर पहले से ही बहोरीबंद अस्पताल में साफ सफाई करने के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया था एवं पूरे परिसर को चकाचक किया गया था ताकि कायाकल्प टीम को कोई कमियां नजर न आये। बहोरीबंद अस्पताल मे निरीक्षण के दौरान मुख्य बिंदु साफ सफाई, दवाई का रिकॉर्ड, एक्सपायरी डेट दवाई,स्वीपर से पूछा लगाने की विधि,जैविक कचड़ा का निस्कादन,स्टाफ का मरीजों के प्रति समर्पण भाव,हर्बल वाटिका ,मरीज का हॉस्पिटल तक पहुँच मार्ग,विकलांग के लिए बाथरूम एवं व्यवस्था,पार्किंग स्थान,स्टाफ का ड्रेस शामिल रहे। इन सभी बिंदुओं पर बहोरीबंद अस्पताल पर व्यवस्था बेहतर पाई गई।
खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग शुक्ला ने बताया कि सरकारी अस्पतालो का कायाकल्प की टीम द्वारा समय- समय पर निरीक्षण किया जाता है।व्यवस्था बेहतर होने पर अंक मिलते हैं उसी आधार पर आगे सुविधाओं और संसाधनों को बढ़ाया जाता है।भोपाल से आईं टीम ने बहोरीबंद अस्पताल के सभी वार्ड का निरीक्षण किया व रिकार्ड भी चेक किए ।जहां सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई हैं ।
गौरतलब है कि उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के मानक पर खरा उतरने पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूए एस) प्रमाण-पत्र बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य को प्रदान किया जा चुका है।23 जून 2025 को राजधानी भोपाल मै आयोजित कार्यक्रम मै प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, नेशनल हेल्थ मिशन डायरेक्टर व कमिश्नर के द्वारा बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था। उसी तारतम्य भोपाल से इंक्वास की टीम निरीक्षण करने पहुंची ओर स्वास्थ्य सुविधाओं की हकीकत को देखा।
इस दौरान बीएमओ डॉ अनुराग शुक्ला, बीसीएम डॉ राबिन गुप्ता,बीपीएम डॉ अरुण शुक्ला,डॉ रुपेश झारिया,डॉ विशु बार्चे, मुकता नायक, प्रकाश हल्दकार उपस्थित रहे।

एनक्यूएएस के लिए इस तरह होता हैं अस्पतालो का मूल्यांकन

बीएमओ बहोरीबंद डॉ अनुराग शुक्ला ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की टीम द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन के लिए अस्पतालों का 12 मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है।बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी इन्ही 12 मानक इसके लिए अस्पताल द्वारा सेवा प्रदायगी, मरीज संतुष्टि, क्लिनिकल सर्विसेस, इनपुट, संक्रमण नियंत्रण, सपोर्ट सर्विसेस, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया । मूल्यांकन में खरा उतरने पर बहोरीबंद अस्पताल को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र जारी किया गया था।



विद्यार्थियों ने डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झिंझरी के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों का डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। प्राचार्य अजय शंकर पांडे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने श्याम श्री गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म का अवलोकन किया।
भ्रमण के दौरान जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को केंचुआ खाद निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि, वर्मीवॉश निर्माण तथा फसलों में इसके उपयोग की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने जैविक पद्धति से तैयार की जा रही विभिन्न फसलों का भी अवलोकन किया। कृषक पवन कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को गौशाला प्रबंधन, गायों की विभिन्न नस्लों जैसे साहिवाल, गिर एवं हरियाणा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संतुलित पशु आहार, नेपियर घास, गोबर एवं गोमूत्र के जैविक खेती में उपयोग, पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों, उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी भी दी।
विद्यार्थियों को प्रकाश एवं ईंधन के उपयोग के लिए स्थापित बायोगैस संयंत्र तथा अजोला निर्माण का भी अवलोकन कराया गया। उन्हें बताया गया कि अजोला में लगभग 25 से 30 प्रतिशत प्रोटीन पाया जाता है और इसका उपयोग पशु आहार के रूप में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए किया जाता है। धान की फसल में अजोला के उपयोग से नाइट्रोजन स्थिरीकरण में मदद मिलती है, जिससे नाइट्रोजन की आवश्यकता कम हो सकती है।

कटनी की टीम ने जबलपुर को 13 रन से हराकर जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण जबलपुर संभाग, जबलपुर के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी कटनी सच्चिदानंद पांडेय के निर्देशन,अनूप डांगीवाला के मार्गदर्शन में शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत संभाग स्तरीय 14 वर्ष बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन वेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल कुठला कटनी में किया गया।
डायरेक्टर डॉ जय चड्ढा, सिद्धार्थ जायसवाल, रौनक खंडेलवाल, देवाशीष चड्ढा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाला व प्राचार्य प्रीथा मेनन ने फाइनल मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाला ने बताया कि शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत में अंडर 14 बालक संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग अंतर्गत कटनी सहित जबलपुर, मंडला,बालाघाट, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और सिवनी जिले की टीमें सहभागिता की।
उद्घाटन मैच में सिवनी ने नरसिंहपुर को 4 विकेट, छिंदवाड़ा ने मंडला को 40 रन, कटनी ने बालाघाट को 24 रन से हराकर सेमीफाइनल के लिए स्थान सुनिश्चित किया।पहले सेमीफाइनल मैच में जबलपुर ने सिवनी को 14 रनों से हराकर फाइनल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।दूसरे सेमीफाइनल में कटनी ने छिंदवाड़ा को 8 विकेट से हराकर फाइनल में स्थान पक्का किया।फाइनल मैच में जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी कर कटनी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।कटनी के ओपनिंग बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 94 रन बनाए।
जवाब में जबलपुर निर्धारित 10 ओवरों में 81 बनाए।इस तरह कटनी ने फाइनल मैच जबलपुर को 13 रनों से हराकर खिताब जीता।अंडर 14 बालक क्रिकेट फाइनल मैच में अंपायर की भूमिका में सुनील यादव, आशीष कोल, कॉमेंटेटर की भूमिका में बी डी वंशकार व ईशान मिश्रा साथ ही स्कोरर की भूमिका में विपिन किस्पोट्टा और अमृतांश दुबे रहे।
समापन समारोह में डायरेक्टर देवाशीष चड्ढा,रौनक खंडेलवाल, सिद्धार्थ जायसवाल,राहुल नागरथ और जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाला उपस्थित रहे।समापन समारोह में कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह तेवरी और आभार व्यक्त सीनियर पीटीआई शैलबाला मैथ्यूज के द्वारा किया गया।क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने में सीनियर अर्चना मनोध्या,अमर सिंह पटेल,महेंद्र सिंह तेवरी,राकेश विश्वकर्मा,सत्येंद्र सिंह,श्रवण कुमार, रावेंद्र चक्रवर्ती,सलमान अहमद खान, मोहम्मद सादिक खान, अभिषेक गोस्वामी,साहिल बर्मन व अन्य स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।

रानी दुर्गावती के जीवन से प्रेरणा लेने किया प्रेरित



पाली कचनारी स्थित वीरासन देवी प्रांगण में वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाई गई। युवा संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। अतिथियों ने वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके साहस, शौर्य और बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया सहित अन्य वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के जीवन और गोंडवाना साम्राज्य में उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक विकास के लिए सभी को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने युवाओं और नई पीढ़ी को रानी दुर्गावती के जीवन, संघर्ष और आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस दौरान आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रानी दुर्गावती के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में एकता एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

औद्योगिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने सीखी एआई तकनीकी मशीनों एवं रिटेलिंग की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल सलैया फाटक के कक्षा 9वीं के एआई -आईटी ट्रेड तथा कक्षा 9वीं एवं 10वीं के रिटेल ट्रेड के लगभग 70 विद्यार्थियों ने लाइटेज लिमिटेड कम्पनी तेवरी का औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय में प्राप्त व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), आधुनिक तकनीकी मशीनों तथा रिटेलिंग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यप्रणालियों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में मशीनों के उपयोग, आधुनिक तकनीक की कार्यप्रणाली तथा रिटेल क्षेत्र में उत्पादों के प्रबंधन एवं बिक्री से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र हल्दकार, ट्रेड शिक्षिका ट्विंकल उपाध्याय एवं आरती पटेल के साथ सहायक स्टाफ शील कुमारी एवं शिवानी मेहरा उपस्थित रहीं।
शिक्षकों ने विद्यार्थियों को औद्योगिक संस्थान की कार्यप्रणाली को समझने तथा नई तकनीकों से जुड़ी जानकारी को ध्यानपूर्वक सीखने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताते हुए कहा कि इस भ्रमण से उन्हें कक्षा में पढ़ाई जाने वाली तकनीकी एवं व्यावसायिक अवधारणाओं को वास्तविक कार्यस्थल पर समझने का अवसर मिला। विद्यालय परिवार ने इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण को विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

पीएम के 25 वर्षों के जनसेवा से देशसेवा का संकल्प को समर्पित यात्रा

जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी यात्रा, विकसित भारत के संकल्प से जुड़ेंगे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों बड़वारा, मुड़वारा, बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़ से होकर गुजरेगी। यात्रा के माध्यम से आम नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के समर्पित यात्रा के 25 वर्ष के पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह यात्रा सेवा और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प का संदेश जन-जन तक पहुंचायेगी। इसके पहले प्रधानमंत्री के संबोधन को नागरिकों ने वर्चुअली देखा और सुना।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडेय, बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, श्रीमती अल्का जैन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीक ने उपस्थित जनसमुदाय को विकसित भारत के निर्माण की शपथ दिलाई। उन्होंने नागरिकों से देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने तथा सेवा भावना के साथ समाजहित एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता और सामूहिक संकल्प से पूरा होगा।
सेवा ज्योति कलश यात्रा बड़वारा, मुड़वारा, बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को अभियान से जोड़ा जाएगा तथा सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। यात्रा के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को जनआंदोलन का स्वरूप देने और अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

वसूली की धीमी प्रगति पर निगमायुक्त का सख्त रुख

बकाया करों का भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन होंगे विच्छेदित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जलकर राहत योजना के क्रियान्वयन एवं बकाया वसूली की मंगलवार देर शाम आयोजित समीक्षा बैठक में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं पाए जाने पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने गहन नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना की अंतिम अवधि में किसी भी पात्र बकायेदार को लाभ से वंचित न रहने दिया जाए। निगमायुक्त ने शेष तीन दिनों में मिशन मोड पर सघन अभियान चलाकर शत-प्रतिशत पात्र जलकर उपभोक्ताओं से संपर्क करके, उन्हें 50 प्रतिशत राहत योजना का लाभ दिलाने तथा निगम राजस्व की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
निगमायुक्त ने बताया कि जलकर राहत योजना नागरिकों के लिए वर्षों से बकाया जलकर में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान कर आसानी से हिसाब चुकता करने का एक सुनहरा अवसर है, जिसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित है। इसके पश्चात छूट का लाभ मिलना समाप्त हो जाएगा तथा बकायेदार उपभोक्ताओं को पूर्ण बकाया राशि अधिभार सहित जमा करनी होगी। निगमायुक्त ने वसूली दल को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित न रहने पाए, इस हेतु तीन दिवसों की दैनिक कार्ययोजना के साथ फील्ड में उतर कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

होगी सख्त कार्रवाई

बैठक के दौरान बार-बार सूचना देने के बावजूद योजना के तहत मिलने वाली छूट का लाभ लेकर बकाया राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नल कनेक्शन विच्छेदित की कार्यवाही में गति लाने के साथ ही अवैध नल कनेक्शन पाए जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

रोजाना प्रस्तुत करें प्रगति रिपोर्ट

निगमायुक्त परिहार ने बैठक के अंत में नागरिकों की सुविधा हेतु लागू योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रतिदिन की कार्यवाही की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए।
निगमायुक्त ने राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी एवं जल प्रदाय के सहायक यंत्री को निर्देशित किया कि वसूली दल केवल नोटिस तक सीमित न रहें, बल्कि बड़े बकायेदारों से अधिकारी टीम के साथ स्वयं संपर्क कर उन्हें योजना के लाभ और समय-सीमा की जानकारी देकर भुगतान के लिए प्रेरित कर राजस्व वसूली में प्रगति लाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। इस दौरान निगमायुक्त ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों के भवनों में स्थापित नल कनेक्शन की बकाया राशि का नियमानुसार समायोजन उनके वेतन से करने के निर्देश दिए।
बैठक में राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक, सहायक यंत्री मृदुल श्रीवास्तव, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



शिवानी का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन

स्लीमनाबाद। उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार इन दिनों खेल खूद प्रतियोगिताये आयोजित की जा रही हैं। इसी तारतम्य मे स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद की छात्रा शिवानी बर्मन नें संभाग स्तरीय अंतर जिला महिला शतरंज प्रतियोगिता मे दमखम दिखाते प्रतियोगिता मे बाजी मारी ओर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई ।प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय सहित महाविद्यालय स्टॉप नें शिवानी को बधाई देते हुए आगे भी महाविद्यालय का नाम रोशन करने की बधाई दी गई है।

जिले को मिली 1200 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली नीम कोटेड यूरिया की 3 रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले को 1200 मीट्रिक टन यूरिया मिली है। प्राप्त यूरिया में कटनी डबल लॉक केंद्र को 120 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केंद्र को 60 मीट्रिक टन, स्लीमनाबाद डबल लॉक केंद्र को 60 मीट्रिक टन व मझगवां-बड़वारा डबल लॉक केंद्र को 90 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गयी है। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 270 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है।
इसी प्रकार सीएमएस कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढ़ीमरखेडा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, सीएमस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 60-60 मीट्रिक टन एवं एमपी एग्रो कटनी को 180 मीट्रिक टन यूरिया आबंटित की गई है। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का उपयोग करें। आवश्यकता से अधिक खाद का प्रयोग करने से कृषि लागत बढ़ने के साथ-साथ भूमि की उर्वरक क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ई-विकास 2.0 के तहत किसानों की सुविधा के लिए मोबाइल पर वाट्सएप बॉट के माध्यम से टोकन जनरेट करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। किसान वाट्सएप पर "हेल्प" या "मदद" लिखकर टोकन, रिटेलर, उर्वरक, उठाव की तिथि और टोकन की वैधता सहित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

खबर संक्षेप

बैठक निर्धारित करने के पूर्व जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर ली जाये- कलेक्टर श्री यादव

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया द्वारा लिखे गये पत्र को संज्ञान में लेते हुये, जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि शासन स्तर से संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति, प्रगति एवं बैठक संबंधी जानकारी समय-समय पर दी जाये एवं बैठक निर्धारित करने के पूर्व बैठक की तिथि से जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर ली जाये। ज्ञातव्य श्री मलैया ने कलेक्टर श्री यादव से पत्र के माध्यम से कहा है प्रायः देखा गया है कि जब कभी कोई भी नियमित बैठकें अथवा शासन की नवीन योजनाओं के कियान्वयन हेतु बैठकों का आयोजन किया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने स्तर से बैठक की तिथि नियत कर ली जाती है, ऐसी स्थिति में स्थानीय जनप्रतिनिधि बैठक में निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हो पाने से बैठक निरस्त कर दी जाती है। उन्होंने कहा है कि मै चाहता हूं कि किसी भी बैठक की तिथि संबंधित जनप्रतिनिधि से चर्चा करने उपरांत ही नियम की जाये ताकि बैठक में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। पत्र में कहा गया है कुछ विभागों में शासन स्तर द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत भी नहीं कराया जाता है, अतएव ऐसे विभागों को भी संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी देने हेतु समय-समय पर बेठक आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया जाये।

114 साल के लंबे इंतजार के बाद बुंदेलखंड के जंगलों में लौटे चीते

टाइगर रिजर्व में मुख्यमंत्री ने छोड़े 2 चीते



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

बुंदेलखंड में बुधवार को वन्यजीव संरक्षण के लिहाज से एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। करीब 114 साल बाद बुंदेलखंड की धरती पर एक बार फिर चीते पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की मोहली रेंज में तैयार किए गए विशेष शॉफ्ट बोमा में बोत्सवाना से लाए गए नर और मादा चीते को रिलीज किया सीएम मोहन यादव ने नर चीते थोलो का नाम व्योम और मादा चीते CCB-3 का नाम नीरा रखा दोनों चीतों को बुधवार दोपहर में कूनो राष्ट्रीय उद्यान से हेलीकॉप्टर के माध्यम से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व लाया गया था शाम करीब साढ़े चार बजे मुख्यमंत्री ने दोनों को सुरक्षित बाड़े में छोड़ा। सीएम ने बताया कि मुझे जो जानकारी दी गई है, उसमें 1912 में एमपी में आखिरी बार चीता नरसिंहपुर जिले में देखा गया था, इसके बाद कूनों में 2022 में पहली दफा और बुंदेलखंड में आज चीते आए हैं।

बुंदेलखंड के जंगलों में लौटा इतिहास

बता दें कि, चीते की वापसी सिर्फ वन्यजीव संरक्षण की घटना नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड के लिए पर्यटन की नई संभावनाओं से भी जुड़ी है। चीतों को देखने और उनके प्राकृतिक आवास को समझने के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इससे होटल, रिसॉर्ट, होम-स्टे, परिवहन, स्थानीय गाइड, वाहन चालक, छोटे कारोबार और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को फायदा मिल सकता है। आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी पर्यटन आधारित आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है चीतों की सुरक्षा के लिए करीब 439 हेक्टेयर क्षेत्र में विशेष इंतजाम किए गए हैं वन विभाग उनकी निगरानी सुरक्षा और व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग करेगा मंगलवार को अधिकारियों के साथ डिप्टी डायरेक्टर डॉ रजनीश कुमार ने मुहली पहुंचकर चीतों के आगमन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया था।

अब बुंदेलखंड में पर्यटन की नई कहानी

बुंदेलखंड में चीतों के आने के बाद व्योम और नीरा की मौजूदगी से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है चीता सफारी और वन्यजीव पर्यटन के साथ स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे आने वाले समय में दमोह -सागर बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन का एक नया सर्किट विकसित होने की संभावना भी बढ़ गई है

मध्यप्रदेश बना चीतों का तीसरा ठिकाना

नौरादेही में दो चीतों के आने के बाद मध्यप्रदेश में चीतों के तीन प्रमुख ठिकाने हो गए इनमें कूनो नेशनल पार्क, गांधी सागर अभयारण्य और अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही) शामिल हो गया है व वन्यजीव शास्त्रियों के अनुसार, चीता, तेंदुआ और बाघ के शिकार करने का तरीका और उनके टारगेट अलग-अलग होते हैं इसी वजह से एक ही जंगल में इनके बीच संसाधनों को लेकर सीधी प्रतिस्पर्धा कम रहती है आमतौर पर चीता बाघ और तेंदुए से दूरी बनाए रखता है जिस तरह तेंदुआ बाघ की मौजूदगी के बावजूद अपने लिए अलग शिकार और क्षेत्र तलाशकर सर्वाइव करता है उसी तरह चीते भी अलग शिकार पर निर्भर रह सकते हैं

चीतों के लिए कूनो से पहले नौरादेही को चुना गया था

भारत में चीतों की बसाहट की पहल शुरू होने पर भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII), देहरादून ने देश में चीतों की बसाहट के लिए सबसे पहले दमोह सागर के नौरादेही अभयारण्य को चिन्हित किया था। करीब 15 साल पहले, वर्ष 2010 में यहां सर्वे किया गया था इसमें नौरादेही की मुहली, सिंहपुर और झापन रेंज को चीतों की बसाहट के लिए अनुकूल माना गया था। हालांकि, परिस्थितियों के अनुरूप सबसे पहले चीतों की बसाहट कूनो में की गई। अब नौरादेही के टाइगर रिजर्व बनने के बाद यहां भी चीतों की बसाहट की प्रक्रिया शुरू की गई है और 15 साल बाद नौरादेही में दो चीते छोड़े गए

प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प से शुरू हुआ चीता प्रोजेक्ट

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प से शुरू हुआ चीता पुनर्स्थापना अभियान आज मध्यप्रदेश में सफलता के नए आयाम गढ़ रहा है। उन्होंने इस बात पर गौरव व्यक्त किया कि कूनो नेशनल पार्क और गांधीसागर अभयारण्य के बाद अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों की विमुक्ति से बुंदेलखंड का नाम भी विश्व के वन्यजीव संरक्षण मानचित्र पर प्रमुखता से अंकित हो गया है। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता विमुक्त कार्यक्रम के अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, रहली विधायक गोपाल भार्गव दमोह सांसद राहुल लोधी, मुख्य वन संरक्षक, कमिश्नर दिलीप कुमार, डीआईजी एस.एस. चौहान, कलेक्टर प्रतिभा पाल, एसपी अनुराग सुजानिया टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ रजनीश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

गरबा ज्वेलरी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नगर में अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को अग्रवाल धर्मशाला में महिलाओं द्वारा दो प्रतियोगिताओं का आयोजन भोले फौजदार के संचालन में आयोजित की गई जिसमें गरबा ज्वैलरी बनाओ एवं अपना चश्मा का कवर सजाओ प्रतियोगिता का आयोजित की गई। जिनमें गरबा ज्वैलरी प्रतियोगिता में कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसकी प्रायोजक श्रीमती शीला राजेश बजाज रही एवं निर्णायक श्रीमती सपना अनिल अग्रवाल दिवाले वाले श्रीमती सविता लक्ष्मीकांत ब्या एवं श्रीमती शिखा शुभम बजाज प्रदीप सोनी रहे द्वितीय प्रतियोगिता अपना चश्मा का कवर सजाओ प्रतियोगिता में कुल 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसकी प्रयोजक श्रीमती मोहिनी कौशल किशोर अग्रवाल टीकमगढ़ वाले निर्णायक श्रीमती वन्दना विजय बजाज श्रीमती कल्पना ब्रजेश अग्रवाल बीड़ी वाले एवं श्रीमती शीला राजेश बजाज रही। इसी क्रम में प्रतिदिन दो प्रतियोगिता पहले आओ इनाम प्रतियोगिता में श्रीमती मोहिनी अग्रवाल टीकमगढ़ वाले विजेता रही। द्वितीय प्रतियोगिता एक मिनिट प्रतियोगिता जिसकी आयोजक श्री नंदकुमार अग्रवाल जी रहे जिसमें प्रथम श्रीमती मीनाक्षी रीतेश फौजदार द्वितीय श्रीमती सुलक्षणा सुधीर बजाज एवं तृतीय श्रीमती निशु मयंक बजाज रही। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु समाज अध्यक्ष श्री उमेश चन्द्र जी बजाज पंच श्री सुरेश फौजदार पंच श्री कृष्ण कुमार बजाज पंच श्री नंदकुमार अग्रवाल बीड़ी वाले महिला मंडल की ओर से अध्यक्ष श्रीमती रजनी सुरेंद्र अग्रवाल के अलावा श्री अग्रशक्ति मंडल की सदस्यगण बड़ी संख्या में महिलाओं युवाओं एवं स्वजातीय बन्धुओं की उपस्थिति रही। समाज की सभी महिला मिलन समिति के द्वारा प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन सामूहिक भजन का आयोजन हो रहा है।

बिजली विभाग के चैकिंग अभियान में विद्युत चोरी के 8 प्रकरण दर्ज, 12 हीटर जब्त

दमोह। अधीक्षण अभियंता दमोह के निर्देशन दमोह में शहर में 06 अक्टूबर सुबह 08 बजे से चार टीमों का गठन कर कसाई मण्डी एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। संयुक्त चैकिंग टीम में दमोह (शहर) वितरण केन्द्र के सहायक अभियंता राघवेन्द्र ईडपाची, सहायक अभियंता फरीद अंसारी, कनिष्ठ अभियंता शिवानी गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता-हिण्डोरिया प्रदीप सिंह परिहार एवं कनिष्ठ अभियंता-नोहटा पूजा खोब्रागढे, द्वारा शहर के कसाई मण्डी एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान उक्त क्षेत्रों में विद्युत चोरी के 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये, 12 हीटर जब्त किये एवं अवैध रूप से चार्ज करते पाये जाने पर तीन इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रकरण भी दर्ज किये गये। जांच के दौरान अनाधिकृत रूप से विद्युत उपयोग पाये जाने पर जांच दल के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही पंचनामा तैयार कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई। यह भी पाया गया कि संबंधित उपयोगकर्ताओं द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों का पालन किए बिना विद्युत ऊर्जा का उपयोग कर इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग की जा रही थी। अधीक्षण अभियंता दमोह ने जिले के उपभोक्ताओं एवं आमजन से अपील की है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें, आवश्यकतानुसार लोड बढ़ाने हेतु आवेदन करें अन्यथा कि स्थिति में जांच के दौरान बढ़े हुए लोड के आधार पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना अधिरोपित किया जावेगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित उपयोगकर्ता की होगी। यह भी अपील की गई कि वाहनों की चार्जिंग केवल अधिकृत एवं निर्धारित चार्जिंग स्टेशनों अथवा स्वीकृत विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही करें। अधीक्षण अभियंता दमोह ने यह भी बताया कि म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि., दमोह द्वारा संपूर्ण जिले में विद्युत चोरी की रोकथाम एवं इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग संबंधी जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

उपकाशी हटा नगर में होगा भव्य प्रवेश, दद्दा कला मंच में लगेगा दिव्य दरबार

सनातन एकता का संदेश देने 12 अक्टूबर को आ रही बागेश्वर धाम सरकार रथयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

हिंदू समाज में एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपनी तीसरी यात्रा निकाल रहे हैं। इस बार सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा के नाम से आयोजन किया जा रहा है। आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की आराधना के पहले दिवस 11 अक्टूबर से बागेश्वर धाम से रथ यात्रा की शुरुआत होगी जो 12 अक्टूबर की शाम उपकाशी हटा नगर की पावन धरा में प्रवेश करेगी जहां पुष्पवर्षा कर रथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया जावेगा। रथ यात्रा को लेकर आयोजक शिष्य मंडल द्वारा हटा में व्यापक पैमाने पर तैयारी की जा रही है।

दादा कला मंच पर लगेगा दिव्य दरबार-

हटा पहुंचने पर रथयात्रा को भव्य स्वागत के साथ देवश्री गौरी शंकर मंदिर परिसर ले जाया जाएगा जहां पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज भगवान गौरीशंकर के दर्शन उपरांत दद्दा कला मंच पर धार्मिक सभा के साथ दिव्या दरबार का आयोजन प्रस्तावित है। वहीं गौरीशंकर मंदिर परिसर में महाराज जी के रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। आयोजकों द्वारा यहां बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग जगह पर भोजन, ठहरने, पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है।

आयोजन समिति का कहना है कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाओं को व्यापक स्तर पर तैयार किया जा रहा है, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

हटा में रथ यात्रा रात्रिविश्राम की तैयारियों हेतु बुधवार को धाम से समितियां के प्रतिनिधि पहुंचे जहां उन्होंने स्थिति का जायजा लिया जिसमें पूज्य गुरुदेव का कार्यक्रम स्थल, निवास स्थल, यात्री आवास व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, भंडारा आदि विषयों पर चर्चा हुई साथ ही कार्यक्रम संयोजक कुं पुष्पेंद्र सिंह हजारी कार्यक्रम संरक्षक महंत श्री श्याम दास जी, महंत बालाजी मंदिर, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष महेश पुरानी जी, बागेश्वर धाम शिष्यमंडल प्रभारी विवेक असाटी (रिक्की), आशीष पुरानी, समीर सराफ आदि शिष्य मंडल की उपस्थिति रही।

सनातन समाज को एकजुट करने का उद्देश्य-

बागेश्वर महाराज ने यात्रा का रूट चार्ट जारी करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज के भीतर आपसी मतभेद और विभाजन की स्थिति चिंता का विषय है। ऐसे समय में संतों का दायित्व है कि वे समाज को एकजुट करने और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि देश के हिंदुओं को एकजुट करने और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ प्रयास लगातार जारी है। यात्रा के माध्यम से हिंदू समाज को एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया जाएगा।

घर के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद, मारपीट के आरोप में अमानगंज थाने में दो मामले दर्ज

अमानगंज। थाना अमानगंज क्षेत्र के ग्राम गढ़ोखर में मकान के हिस्से के बंटवारे और कथित रूप से पेड़ पर पक्षियों के बैठने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, डंडे से मारपीट एवं धमकी देने के आरोप लगाए हैं। मामले में अमानगंज पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, अनीता सिंह राजपूत, पति गंगा सिंह राजपूत, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम गढ़ोखर ने बताया कि उनके घर के बगल में जेठ कल्याण सिंह राजपूत का मकान है। घर के पास लगे नीम के पेड़ पर पक्षी बैठते हैं और पक्षियों द्वारा लाई गई रोटी आदि कल्याण सिंह के घर में गिरने को लेकर विवाद हुआ। शिकायत के मुताबिक 7 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 7रू30 बजे कल्याण सिंह ने अनीता के साथ कथित रूप से गाली-गलौज की और डंडे से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए अनीता के पति गंगा सिंह और पुत्र अजय सिंह के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है।

धूमधाम से हुई महाराजा अग्रसेन की 61वीं महाआरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

अग्रवाल समाज दमोह द्वारा आयोजित मासिक महाआरती के क्रम में महाराजा अग्रसेन की 61वीं महाआरती धूमधाम से संपन्न हुई। अग्रसेन जयंती के पूर्व आयोजित कार्यक्रम में आनंद मेले का भी आयोजन किया गया। महाआरती की यजमानी श्रीमती अनीता के.सी. अग्रवाल परिवार ने की। पं. बृजेश पाठक के सानिध्य में भगवान श्रीगणेश, माता लक्ष्मी एवं महाराजा अग्रसेन का पूजन-अर्चन कर महाआरती की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। आरती के पश्चात आनंद मेले का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं बच्चों ने घर पर तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। मेले की खासियत रही कि यहां व्यंजनों की बिक्री बाजार मूल्य से कम दर पर कूपन के माध्यम से की गई और नकद लेन-देन नहीं हुआ। आनंद मेले का आयोजन अग्रवाल तरुण मंच द्वारा किया गया। प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार मंच की ओर से दिए गए, जबकि अन्य स्टॉल संचालकों को विभिन्न प्रतिष्ठानों के सहयोग से ड्रा के माध्यम से पुरस्कार अग्रसेन जयंती के दिन प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, अग्रवाल महिला महासभा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रमा अग्रवाल, युवा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, महिला मिलन समिति अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, तरुण मंच अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, जन जागरण समाज कल्याण समिति अध्यक्ष स्वप्नेश अग्रवाल, ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल अग्रवाल, महासभा जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, महिला महासभा अध्यक्ष तारामणि अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रविशंकर अग्रवाल, गणेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। समाज पदाधिकारियों ने सभी अग्रबंधुओं से 10 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित शोभायात्रा में सपरिवार शामिल होने की अपील की। शोभायात्रा के पश्चात सामाजिक भोज का आयोजन किया जाएगा।

उधारी के हिसाब को लेकर विवाद, किशोर से मारपीट का आरोप

अमानगंज। उधारी के सामान के हिसाब को लेकर हुए विवाद में एक किशोर के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, फरियादी रवि बजारा पिता दुल्ला बजारा, उम्र 16 वर्ष, निवासी ग्राम मोहारा, ने बताया कि वह दुकान चलाता है। उसके अनुसार सियाराम बजारा उसकी दुकान से उधार सामान लेता रहा है और लेन-देन चलता रहता है। रिपोर्ट में बताया गया कि 6 अक्टूबर 2026 की रात करीब 9 बजे सियाराम बजारा दुकान पर आया और बीड़ी का पैकेट मांगने लगा। इस दौरान फरियादी ने पहले उधारी का हिसाब चुकता करने की बात कही। आरोप है कि इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। शिकायत के मुताबिक सियाराम ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी तथा डंडे से हमला किया। बीच-बचाव के दौरान फरियादी और उसके भाई बबलू बजारा को भी चोटें आने की बात शिकायत में कही गई है। बाद में आसपास के लोगों द्वारा बीच-बचाव किए जाने पर मामला शांत हुआ। फरियादी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 296बी, 115(2) एवं 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले की विवेचना कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राम लखन सिंह, क्रमांक 281 को सौंपी गई है। पुलिस द्वारा घटना से जुड़े तथ्यों, बयान एवं अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

मेडिकल स्टोर्स की हुई सघन जांच

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशो के तहत औषधि निरीक्षक महिमा जैन द्वारा दमोह शहर में संचालित दवा दुकानों में विक्रय होने वाली एनआरएक्स श्रेणी , गर्भपात में उपयोग होने वाली किट एवं कोडीन फास्फेट घटक युक्त दवाइयों के क्रय -विक्रय रिकॉर्ड एवं फार्मासिस्ट की उपस्थिति, लाइसेंस की वैधता,एक्सपायर्ड दवाइयों की सतत जांच की जा रही है। जांच के दौरान दमोह में संचालित मेसर्स मून इंटरप्राइजेज, बांदकपुर रोड ,मेसर्स राहिल मेडिकल स्टोर ,बजरिया वार्ड न. 5,मेसर्स प्रकाश मेडिकल हाउस एवं की सघन जांच की गई। साथ ही निरीक्षण के दौरान 2 दवाइयों के नमूने जिनमें पशु चिकित्सा में उपयोग होने एंटीबायोटिक एवं बच्चों के इलाज में उपयोग होने वाला सिरप शामिल है भी जांच हेतु लिये गए जिन्हें जांच हेतु शासकीय प्रयोगशाला भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान केमिस्ट को ड्रग एंड कॉस्मेटिक के अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए दुकान का संचालन हेतु सख्त निर्देश दिए गए एवं पाई गई अनियमितताओं के लिए उन पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सभी केमिस्ट को HFR एवं HPR ID बनाने हेतु भी आदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान ज़हरा मेडिकल, बाबा मेडिकल, न्यू हिंद मेडिकल, आर्शीन मेडिकल, ताज मेडिकल एवं सुपर मेडिकल बंद पाए गए जिनको नोटिस जारी किया जाएगा।

गड़ौला खाड़े में 150 बच्चों को बांटी पानी की बोतल



हरिभूमि न्यूज ⏭ फुटेराकलां

बच्चों की शिक्षा और उनकी मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे आनंद मदद घर द्वारा बुधवार को ग्राम गड़ौला खाड़े में जरूरतमंद एवं स्कूली बच्चों के लिए सेवा कार्य किया गया। इस दौरान करीब 150 बच्चों को पानी की बोतलें वितरित की गईं। पानी की बोतल मिलने पर बच्चों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। आनंद मदद घर द्वारा बटियागढ़ ब्लॉक के विभिन्न सरकारी स्कूलों में भी लगातार सेवा कार्य किए जा रहे हैं। संस्था से जुड़े लोगों के अनुसार ब्लॉक की लगभग सभी स्कूलों में बच्चों की जरूरत को देखते हुए पढ़ाई-लिखाई से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। इसमें विद्यार्थियों के उपयोग की आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आनंद मदद घर के इस सेवा अभियान की शुरुआत आनंद जैन बापूजी एवं पटवारी सत्येंद्र जैन द्वारा की गई। उनका उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा से जुड़ी आवश्यक सामग्री पहुंचाना और उन्हें बेहतर तरीके से पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करना है। सेवा अभियान के तहत केवल एक स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करने के बजाय अलग-अलग स्कूलों और गांवों तक पहुंचकर बच्चों की जरूरतों को समझते हुए मदद पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में गड़ौला खाड़े में भी करीब 150 बच्चों को पानी की बोतलें वितरित की गईं।

बदलते मौसम की मार ओपीडी 100 से 150 पार



तेंदूखेड़ा। हाल ही में बारिश थमने और मौसम साफ होने के साथ धूप निकलने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में मरीजों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी मरीजों की देखने को मिल रही है मौसम में अचानक बदलाव के कारण विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। बीएमओ डॉ अशोक बरोनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 100 से 150 तक मरीज आ रहे हैं मौसम बदलने के कारण हर उम्र के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें मोतीझिरा (कंजक्टिवाइटिस), सर्दी-जुकाम पेट दर्द बुखार सहित कई अन्य मौसमी बीमारियों के मरीज शामिल हैं।

मच्छरदानी का उपयोग करें, पानी उबालकर पियें

बीएमओ डॉ अशोक बरोनिया के अनुसार, बारिश के बाद नमी और तापमान में बदलाव से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है ऐसे में लोग विशेष सावधानी बरतें। पानी उबालकर पिएं, भोजन को ढककर रखें, मच्छरदानी का इस्तेमाल करें और आंखों की सफाई का ध्यान रखें। किसी भी लक्षण पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ओपीडी व्यवस्था को सुचारू रखा गया है जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त चिकित्सा कर्मियों की तैनाती भी की जा रही है ताकि सभी मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बुखार, जुकाम और पेट संबंधी शिकायतों वाले मरीजों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह है कि मौसम परिवर्तन के इस दौर में व्यक्तिगत स्वच्छता और सावधानी बरतकर ही इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

जिला विकास पुस्तिका का किया गया वितरण, जिले में निकली सेवा ज्योति कलश यात्रा

2047 में भारत को विश्वगुरु बनाने का संकल्प 'वी विल डू इट' के साथ आगे बढ़ेंगे- सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत बुधवार को जिले की सभी विधानसभाओं के लिए ' सेवा ज्योति यात्रा-विकसित भारत संकल्प सभा शहर से निकाली गई। जनप्रितिनिधियो की अगुवाई में निकली यात्रा के माध्यम से सेवा, संकल्प और विकसित भारत के संदेश को जन-जन तक पहुचाने तथा नागरिको को राष्ट्र निर्माण में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने और देश को विश्व में अग्रणी बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को साकार करने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक को एकजुट होकर देश, समाज और राष्ट्र की उन्नति एवं प्रगति के लिए अपना योगदान देना होगा। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा ज्योति यात्रा के प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा भारत को विकसित और सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। जब प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा, तभी विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण रूप से साकार किया जा सकेगा।

युवा शक्ति निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा भविष्य के भारत की नींव युवा शक्ति के कंधों पर रखी जाएगी। विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे शिक्षा के साथ देश और समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझें तथा राष्ट्र की उन्नति और प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे देश, समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने, देश की उन्नति में योगदान देने तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें। निश्चित रूप से सामूहिक प्रयासों और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा सकेगा। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा किसी जननेता का कार्यकाल जब लंबा होता है तो उसका प्रत्येक कार्य सेवा के रूप में सामने आता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 13 वर्ष मुख्यमंत्री और 12 वर्ष प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करते हुए आज 7 अक्टूबर को संवैधानिक पद पर 25 वर्ष पूर्ण किए हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2047 का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी संकल्प को लेकर देशभर में सेवा ज्योति यात्रा निकाली जा रही है। स्थापित किया गया संकल्प कलश युवाओं और नौजवानों को यह याद दिलाएगा कि 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भारत को विश्वगुरु बनाना मोदी जी और 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है। सांसद श्री लोधी ने कहा प्रधानमंत्री के उद्बोधन से नई ऊर्जा मिली है। हम 'वी विल डू इट' के संकल्प के साथ कार्य करेंगे और वर्ष 2047 में भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को पूर्ण करने में अपना योगदान देंगे। विधायक जयंत मलैया ने कहा आज ही के दिन 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी जी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और आज उनके सार्वजनिक जीवन के उस सेवाकाल के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने कहा राजनीति में बहुत कम ऐसे लोग होते हैं, जो अपने संकल्प और कमिटमेंट के लिए परिवार तक को पीछे छोड़कर निरंतर सेवा में जुटे रहते हैं। श्री मलैया ने कहा जब नरेंद्र मोदी जी ने गुजरात की जिम्मेदारी संभाली, उस समय प्रदेश के कई क्षेत्र गंभीर सूखे से प्रभावित थे। विशेष रूप से कच्छ क्षेत्र में सूखे की स्थिति बड़ी चुनौती थी। इसके बावजूद उन्होंने चुनौतियों का सामना करते हुए विकास और जनसेवा को प्राथमिकता दी। हटा विधायक उमा देवी खटीक ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने देश को विकास की नई दिशा दी है। आधुनिक युग में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। श्रीमती खटीक ने कहा देश में विकास की गति को आगे बढ़ाने के प्रयासों की चर्चा अन्य देशों में भी हो रही है। एक महिला विधायक के रूप में उन्होंने कहा महिलाओं के लिए किए गए प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं और उनसे प्रेरणा ली जानी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा एक समय पीछे छूटता हुआ गुजरात आज विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और दूरदर्शी सोच ने गुजरात के साथ-साथ पूरे देश के विकास को नई दिशा दी है। इस असवर पर संस्कृति पूर्व विधायक पी.एल तंतुवाय, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, उपाध्यक्ष मंजू कटारे, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, लोकेंद्र पटेल लकी, राजेंद्र गुरु, नरेंद्र व्यास, राजेंद्र सिंघई गोपाल पटेल, महेश पटेल, रामेश्वर चौधरी, रमन खत्री, संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, संजय यादव, अमित बजाज, सुमन उपाध्याय मनीष सोनी, करण सिंह, भारत यादव, रानू नामदेव, श्यामा उरैती, कपिल शुक्ला, विनीता कुलस्ते, भारत यादव, सुरेश पटेल, देवकीनंदन पटेल, दिलीप चौरसिया, लोकेंद्र लकी पटेल, कुसुम खरे, वर्षा रैकवार, प्रमोद विश्वकर्मा, बृजेन्द्र अहिरवार, राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत बाजपेई, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, अखिलेश घोषी, बृजेश लोधी, सुरेंद्र तोमर, बंटी दुबे, सौरव नेमा सत्यपाल सिंह, मनोहर लोधी, देवेंद्र ठाकुर, राजेंद्र यादव, बलवंत ठाकुर, गोपाल पटेल, रमेश कुशवाहा, धर्मेंद्र ठाकुर, रोहित जैन, रिंकू संतपाल सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं सम्मानीय मीडियाजन उपस्थित रहे।

पितरों की तृप्ति के लिए तर्पण: पितृपक्ष में जल देकर पीढ़ी कर रही है नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया



पितृपक्ष की अवसर पर नगर में लोग अपने पूर्वजों की स्मृति में श्रद्धा पूर्वक तर्पण कर रहे हैं। मान्यता है कि पितृपक्ष में श्रद्धा से किया गया तर्पण पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। तर्पण के दौरान लोग अपने पूर्वज का स्मरण करते हुए जल ,तिल ,पुष्प अर्पित कर रहे हैं ।कई परिवारों में घर पर भी पंडित के मार्गदर्शन में श्राद्ध कर्म किए जा रहे हैं। परिवार के बुजुर्ग नई पीढ़ी को पितृ तर्पण और श्रद्धा परंपरा के महत्व के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस दौरान लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों को भोजन वस्त्र दान भी कर रहे हैं ।

नगर के बड़े तालाब, डबरा कुंड,वेयर हाउस की बगल वाली तलैया पर सुवह लोग पहुंच कर विधि विधान से अपने वंशजों को जल अर्पित कर रहे हैं।इस धार्मिक को और आध्यात्मिक बनाने के लिए घाट पर बैठकर आचार्य शिवकुमार उपाध्याय द्वारा विशेष प्रवचन दिए जा रहे हैं उन्होंने पितृपक्ष और तर्पण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पितृपक्ष के दिन हमारे पूर्वजों को याद करने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने का सबसे श्रेष्ठ समय है।श्रद्धा पूर्वक किया गया तर्पणऔर पिंडदान न केवल पितरों की आत्मा को तृप्ति करता है बल्कि परिवार को पितृ दोष से मुक्ति दिलाकर सुख शांति और वंश वृद्धि का आशीर्वाद भी देता है।

उन्होंने आगे बताया कि भारतीय संस्कृति में पितृपक्ष का विशेष महत्व है । इस दौरान स्वान ,गौ, कौवा एवं ब्राह्मणों को भोजन करने से जीव सभी प्रकार के ऋणों से मुक्त हो जाता है और पितरों की आत्मा तृप्त होने पर घर में सदैव सुख ,शांति और समृद्धि बनी रहती है।

13 अक्टूबर को पटेरा पहुंचेगी बागेश्वर धाम सरकार की रथ यात्रा



पटेरा। पूज्य बागेश्वर धाम सरकार श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के 13 अक्टूबर को प्रस्तावित पटेरा आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बागेश्वर धाम सरकार की रथ यात्रा 13 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे पटेरा होते हुए दमोह की ओर प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों एवं पटेरा ग्रामवासियों की ओर से हटा तिराहा पर भव्य स्वागत समारोह एवं गुरु आरती का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं सनातन प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति एवं भक्तगणों द्वारा रथ यात्रा के स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। हटा तिराहा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के एकत्रित होने की संभावना है। भक्तों द्वारा पुष्पवर्षा, जयकारों और गुरु आरती के साथ पूज्य बागेश्वर धाम सरकार का स्वागत किया जाएगा।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

दमोह।

हिंडोरिया थाना क्षेत्र के बांदकपुर-आनू मार्ग पर बुधवार शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क पर जाम लगाकर विरोध जताया।

जानकारी के अनुसार चोपरा भदौली निवासी अजय पिता खुब्बू पटेल (21) बाइक से बांदकपुर की ओर से आ रहा था। इसी दौरान आनू मार्ग के अंधे मोड़ पर दमोह की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने के कारण अजय की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और सड़क पर जाम लगा दिया। परिजनों ने घटना को हादसा नहीं बल्कि हत्या बताते हुए आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। सूचना पर हिंडोरिया थाना एवं बांदकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में एसडीएम सौरभ गंधर्व एवं तहसीलदार प्रीतम सिंह ने मौके पर पहुंचकर लोगों को जांच एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खुल सका।

पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर लिया है तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए दमोह भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।



बरी टेक पर अज्ञात बाहन की टक्कर से एक की मौत दूसरा गंभीर

अजब धाम रजपुरा मार्ग पर बरी टेक के पास भी बुधवार शाम अज्ञात वाहन बाइक सवारो को टक्कर मार के भाग गया। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ। मृतक की पहचान झींगा आदिवासी निवासी बरी के तौर पर हुई है। जबकि घायल महेश लोधी कोई इलाज के लिए हटा की अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर अजब धाम चौकी प्रभारी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे मृतक और घायल को हटा सिविल अस्पताल भेजकर टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस घटना के शिकार बाइक सवार भी हेलमेट नहीं पहने हए थे।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने विशेष अभियान, बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



पटेरा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 7, 8 एवं 9 अक्टूबर 2026 को मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा के सभाकक्ष में सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया।तहसीलदार मानसी अग्रवाल की उपस्थिति में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश गुर्जर के साथ मास्टर ट्रेनर कमलेश शर्मा, प्रमोद परोहा एवं मुलायम सिंह ने बीएलओ को फॉर्म-6 भरने तथा छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी।प्रशिक्षण के बाद आईटीआई पटेरा पहुंचकर नए पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 वितरित किए गए। इसके अलावा उत्कृष्ट विद्यालय एवं सांदीपनि विद्यालय में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी फॉर्म-6 उपलब्ध कराए गए।

शाला प्रबंधन समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में शाला प्रबंधन समिति की बैठक अध्यक्ष तारा वत राय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय में अनुशासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने, विद्यार्थियों के मोबाइल एवं बाइक लाने पर प्रतिबंध लगाने तथा अनुशासनहीनता पर नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया। शिक्षकों को नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने और अनुपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों से संपर्क करने के निर्देश दिए गए। कमजोर विद्यार्थियों के लिए रिमेडियल कक्षाएं संचालित करने तथा विद्यालय की बाउंड्रीवाल की मरम्मत सहित अन्य आवश्यक कार्यों के प्रस्ताव भी पारित किए गए।बैठक में सदस्य हरिभूमि चीफ नरेंद्र बजाज, सांसद प्रतिनिधि गणेश पटेल, विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल, उपाध्यक्ष प्रमोद ताम्रकार, शिक्षक मोहन लाल ताम्रकार, प्रकाश गुप्ता, अरविंद परिहार, गोविंद चौरसिया एवं लक्ष्मीकांत पटेल उपस्थित रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मूकेश गूजरे ने भी बैठक में शामिल होकर शासन की मंशानुसार अपना मार्गदर्शन दिया। अंत में प्राचार्य कमलेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। शाला में पदस्थ शिक्षक स्टाफ से भी समिति सदस्यों ने शिक्षण कार्य एवं परेशानियों पर चर्चा की व अच्छे परिणाम लाने की अपेक्षा व्यक्त की।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ ऑनलाइन कार्यों से विरत

दमोह। मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने बुधवार शाम कलेक्ट्रेट कैंपस में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग के नाम कलेक्टर के माध्यम से एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें पटवारियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्यवाहियों के विरोध में ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहने की जानकारी दी गई। ज्ञापन में बताया गया कि उपरोक्त विषयांतर्गत देवास एवं आगर मालवा जिले में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 एवं अन्य कार्यों को आधार बनाकर पटवारी साथियों की सेवा समाप्ति तथा प्रदेश के अन्य जिलों में निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्यवाहियां की जा रही हैं। मध्यप्रदेश पटवारी संघ द्वारा स्वामित्व योजना के निष्पादन से संबंधित विधिक एवं व्यवहारिक समस्याओं से शासन को पूर्व में ही अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद उक्त कार्यवाहियां किया जाना अत्यंत चिंताजनक है। प्रादेशिक संगठन के निर्णयानुसार 07 अक्टूबर अक्टूबर से प्रदेश का समस्त पटवारी संवर्ग समस्त ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहेगा तथा समस्त शासकीय समूहों से भी बाहर रहेगा, जब तक उक्त दंडात्मक कार्यवाहियां वापस नहीं ली जाती हैं। भविष्य में प्रदेश के किसी भी जिले में पटवारियों के विरुद्ध ऐसी दंडात्मक कार्यवाही किए जाने पर समस्त पटवारी तत्काल बिना पूर्व सूचना के समस्त राजस्व कार्यों से विरत होने हेतु बाध्य होगा। ज्ञापन प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी दुबे के नेतृत्व में बड़ी सख्या में शामिल हुए।



राहुल गांधी की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन



दमोह। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जो लगातार चुनाव में कथित घोघली को उजागार करते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त की मिलीभगत विधानसभा लोकसभा चुनाव में 13 करोड़ 30 लाख नाम काटे जाने का जबाब मांगते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा मांग रहे है उसी को लेकर जंतर मंतर पर कई सासंदो के साथ प्रदर्शन कर रहे थे तब दिल्ली पुलिस ने जबरन उनकी गिरफ्तारी कर ली उसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में अंबेडकर चौक पर रात्रि 10 बजे मुख्य चुनाव आयुक्त, पी.एम. मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं दिल्ली डी.जी.पी. समेत चार पुतलों का दहन किया गया। पुतला दहन करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता है जब उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलना चाहा तो आकाशवाणी परिसर से उन्हे घसीटते हुए दिल्ली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। क्या लोकतंत्र में अपनी आवाज उठाना सरकार की खिलाफत करना है। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, संगठन महासचिव नितिन मिश्रा, विजय बहादुर सिंह, परम यादव, रजनी ठाकुर, रोहन पाठक, कमला निषाद, बबलू भटट, बसंत कुशवाहा, मुकेश रोहितास, दिनेश रैकवार, अभिषेक यादव, गौरव राय, पप्पू कुशवाहा, अरूण दुबे, शानु जुनेजा, रियाज खान ने भी पुतला फूकते हुए कहा कि वर्तमान समय में राहुल गांधी ने अंधभक्त की आंखें खोल दी है किस तरह चुनाव आयोग को अपना गुलाम बनाकर ज्ञानेश कुमार लगभग कई राज्यों में भाजपा ने एस.आई.आर. के माध्यम से वोट कटवा कर अपनी सरकार बना ली है कई जगह तो ई.व्ही.एम. को भी हैक करके इन्होंने हेराफेरी की है। अब वोट चोरी का मुद्दा खुलकर सामने आ गया तो पुलिस को आगे करके भाजपा सरकार आंदोलन को दबाना चाहती है। इस अवसर पर नगर के पार्षद अफजल खान, पप्पू कसोटया, रफीक खान, जीशान पठान, हेमराज, बिन्दु पटोटया सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीबी के प्रति किया जागरूक



पटेरा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में एनसीसी कैडेट्स ने सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर टीबी के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन तथा सीएमएचओ डॉ. राकेश राय एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।विद्यालय प्राचार्य कमलेश शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी अधिकारी शिवम पांडे ने किया। स्वास्थ्य विभाग से एसटीएस प्रदीप राही एवं डीटीसी दमोह से राजकुमार पटेल उपस्थित रहे। कैडेट्स ने नाटक के माध्यम से टीबी के लक्षण, बचाव, जांच एवं उपचार की जानकारी दी।राजकुमार पटेल ने विद्यार्थियों को टीबी जागरूकता के साथ नि-क्षय मित्र बनकर मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराने तथा टीबी मुक्त भारत कोष में स्वैच्छिक सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. बसंत लोडकर एवं एसटीएस प्रदीप राही ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में रेडियोग्राफर राजकुमार पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कुण्डलपुर संपूर्ण दिगम्बर जैन समाज की धरोहर, आचार्य विद्यासागर जी की साधना ने दिलाई इसे विश्व में पहचान : मुनि श्री समतासागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कुण्डलपुर किसी एक व्यक्ति, संत या परंपरा की निजी धरोहर नहीं, बल्कि संपूर्ण दिगंबर जैन समाज और राष्ट्र की अमूल्य विरासत है। हजारों वर्ष पुरानी बड़े बाबा भगवान आदिनाथ की विशाल प्रतिमा, प्राचीन जिनालय और यहां साधना करने वाले संतों की परंपरा इस क्षेत्र की आध्यात्मिक गहराई को दर्शाती है। यह बात निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने कही। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्या वाणी एवं प्रचारमंत्री जयकुमार जैन 'जलज' ने बताया कि मुनि श्री ने प्रातःकाल बड़े बाबा मंदिर परिसर के सभा मंडप में श्रद्धालुओं को संबोधित किया। मुनि श्री ने कहा कि कुण्डलपुर की भूमि पर यहां से निर्वाण को प्राप्त हुए अंतिम केवली श्रीधर स्वामी की साधना का प्रभाव रहा है।

हजारों वर्ष पहले स्थापित बड़े बाबा की विशाल प्रतिमा की आध्यात्मिक ऊर्जा आज भी यहां अनुभव की जाती है। इसके साथ उन सभी मुनियों, आर्यिकाओं, आचार्यों, साधु-संतों और त्यागीव्रतियों की साधना भी जुड़ी है, जिन्होंने समय-समय पर इस क्षेत्र में आकर भक्ति और तप किया। इसलिए कुण्डलपुर को किसी एक व्यक्ति के नाम से सीमित करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने भी कभी यह नहीं माना कि कुण्डलपुर उनका अपना क्षेत्र है। उनका जीवन तो स्वयं इस भावना का उदाहरण था कि जब शरीर तक अपना नहीं है तो किसी स्थान पर अधिकार की भावना कैसी। लेकिन श्रद्धालुओं की भावना में कुण्डलपुर की पहचान आचार्य श्री की साधना से गहराई से जुड़ गई है। उन्होंने इस क्षेत्र में लंबे समय तक तप-साधना की। चातुर्मास हुए, ग्रीष्म और शीतकालीन प्रवास हुए, स्वाध्याय कक्षाएं लगीं, विद्वानों की संगोष्ठियां हुईं, दीक्षाएं हुईं और अनेक धार्मिक अनुष्ठानों ने इस क्षेत्र की आध्यात्मिक चेतना को व्यापक बनाया।

मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री ने बड़े बाबा के प्रति अपनी भक्ति को केवल पूजा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि अपने जीवन का समर्पण कर दिया। बड़े बाबा को भव्य सिंहासन पर विराजमान कराने से लेकर मंदिर की प्राचीनता और स्थापत्य परंपरा को सुरक्षित रखने तक उनके प्रयासों ने कुण्डलपुर को नई पहचान दी। उनकी तप-साधना और प्रभावना के कारण आज कुण्डलपुर का नाम बड़े बाबा और छोटे बाबा आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की साधना के साथ श्रद्धा से लिया जाता है।